**सुविचार**

ऊंचाई पर वे ही पहुंचते हैं, जो बदला नहीं बदलाव लाने की सोच रखते हैं।

दैनिक

# पंचकूला ऑब्जर्वर




सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 67 | पंचकूला। सोमवार, 13 अप्रैल 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


**एक नजर**

### पंचकूला नगर निगम चुनाव की घोषणा आज होगी

**पंचकूला।** हरियाणा में पंचकूला समेत तीन नगर निगमों, तीन नगर पालिकाओं और एक नगर परिषद में चुनाव होने हैं। इसके लिए अब इंतजार खत्म होने जा रहा है। सोमवार सुबह करीब साढ़े बजे चुनाव की घोषणा कर दी जाएगी। इसके बाद आचार संहिता लागू कर दी जाएगी। चुनाव को लेकर तैयारियां चल रही हैं। राजनीतिक पार्टियां मजबूत उम्मीदवारों की तलाश हैं। कांग्रेस में कलह भी सामने आ रही है। वहीं आम आदमी पार्टी भी जीत के लिए हर संभव कोशिश में जुटी है। भाजपा भी किसी एक चेहरे को अभी तक फाइनल नहीं कर पाई है। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियों में मंथन चल रहा है। बता दें कि पंचकूला, अंबाला और सोनीपत नगर निगम, नगर परिषद रेवाड़ी, नगरपालिका सांपला, नगरपालिका उकलाना और नगरपालिका धारूहेडा में चुनाव चुनाव होने हैं।

### ईरान बोला- होर्मुज से गुजरना है तो टोल दो

**तेहरान।** अमेरिका-ईरान के बीच होर्मुज स्ट्रेट पर बयानबाजी तेज हो गई है। ईरान के उप संसद अध्यक्ष हाजी बाबाई ने कहा है कि यह स्ट्रेट ईरान के कंट्रोल में है। उन्होंने इसे तेहरान की रेड लाइन बताया और कहा कि यहां से गुजरने वाले जहाजों को ईरानी करेंसी रियाल में टोल देना होगा। इससे पहले कल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया था कि अमेरिका इस रास्ते से बिछी बारूदी माइंस हटा रहा है। उन्होंने कहा था कि यह समुद्री रास्ता जल्द ही खुल जाएगा। अमेरिकी सेना ने भी दावा किया था कि उनके जहाज इस रास्ते से गुजर चुके हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी आज नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करेंगे

**नई दिल्ली, 12 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 अप्रैल 2026 को सुबह लगभग 11 बजे नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में भाग लेंगे। वे इस अवसर पर सभा को संबोधित भी करेंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की प्रख्यात हस्तियां और महिलाएं भाग लेंगी। इसमें सरकार, शिक्षा जगत, विज्ञान, खेल, उद्यमिता, मीडिया, सामाजिक कार्य और संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सितंबर 2023 में संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया, जो विधायी निकायों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम था।

## निगरानी और त्वरित कार्रवाई से सफाई व्यवस्था मजबूत

**नगर निगम आयुक्त विनय कुमार के नेतृत्व में प्रातःकालीन निरीक्षण अभियान से पंचकूला में दिख रहा स्पष्ट सुधार**

- बारिश की स्थिति के बावजूद जारी रहा निरीक्षण अभियान, 'कोई बहाना नहीं' की कार्यशैली आई नजर
- स्वच्छ, हरित और सुव्यवस्थित पंचकूला के लिए जनभागीदारी की अहम भूमिका : आयुक्त

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पंचकूला, 12 अप्रैल।** नगर निगम पंचकूला के आयुक्त श्री विनय कुमार के नेतृत्व में चल रहे प्रातःकालीन निरीक्षण अभियान से पूरे शहर में सफाई और नागरिक प्रबंधन में स्पष्ट सुधार दिखाई दे रहा है। लगातार ज़मीनी निगरानी और त्वरित कार्रवाई के चलते सेक्टरों से पुराने कचरे और 'कचरा जमा होने वाले स्थानों' (त्ड्क्क) को हटाया जा रहा है, जिससे झाड़ू लगाने और दैनिक सफाई के माध्यम से नियमित रखरखाव का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

21वें दिन, सेक्टर-4 में हुए निरीक्षण के दौरान घर-घर कचरा संग्रहण, सड़कों की नालियों की सफाई, सड़क मरम्मत, पार्कों के रखरखाव और अस्थायी अतिक्रमणों की समीक्षा की गई।

बारिश के मौसम के बावजूद नगर निगम की टीम ने पूरी निष्ठा के साथ निरीक्षण जारी रखा, जिससे साफ-सफाई और सेवा प्रदान करने के प्रति उनका 'कोई बहाना नहीं' वाला दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है।

आसमान फाउंडेशन के बच्चों द्वारा आयोजित जागरूकता गतिविधियों ने भी निवासियों के बीच स्वच्छता के संदेश को और सुदृढ़ किया। 22वें दिन, सेक्टर-11 में हुए निरीक्षण का मुख्य फोकस साफ़-सफ़ाई, घर-घर कचरा संग्रहण, सड़कों की नालियों की सफाई, पार्कों के रखरखाव और अतिक्रमणों की समीक्षा पर रहा। आसमान फाउंडेशन के बच्चों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाए गए जागरूकता अभियान ने निवासियों को स्वच्छता, कचरे के पृथक्करण और जिम्मेदार नागरिक व्यवहार के प्रति प्रेरित किया। 23वें दिन, सेक्टर-20 में किए गए निरीक्षण में सड़क मरम्मत, सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव, पार्कों की स्थिति और अतिक्रमणों की समीक्षा की गई। इस अभियान में आरडब्ल्यूए, जनप्रतिनिधियों और ÷आई हेट पॉलीथिन÷ के स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई, जो स्वच्छता के प्रयासों में समुदाय की बढ़ती भागीदारी और स्वामित्व की भावना को दर्शाता है।

आसमान और मेशान फाउंडेशन के बच्चों द्वारा आयोजित जागरूकता गतिविधियों ने अभियान को और अधिक गति प्रदान की। आयुक्त श्री विनय कुमार ने कहा कि व्यवस्थित गहन सफाई और कचरे के ढेरों को हटाने के परिणामस्वरूप सेक्टर अब उस स्तर पर पहुँच रहे हैं, जहाँ नियमित झाड़ू और रखरखाव के माध्यम से स्वच्छता मानकों को बनाए रखा जा सकता है। न्होंने नागरिकों से अपील की कि वे कचरा इधर-उधर न फैलाएँ, घर-घर कचरा संग्रहण करने वाली टीमों को ही कचरा सौंपें और सामुदायिक स्वच्छता प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग लें।आयुक्त ने पुनः दोहराया कि एक स्वच्छ, हरित और सुव्यवस्थित पंचकूला के निर्माण में नागरिकों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



## कुलभूषण गोयल ने मां मनसा देवी मंदिर में टेका माथा


**पंचकूला।** पूर्व महापौर कुलभूषण गोयल ने रविवार को माता मनसा देवी मंदिर में श्रद्धा पूर्वक माथा टेककर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने पंचकूला शहर एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में पहुंचकर उन्होंने विधिवत रूप से मां के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया।

कुलभूषण गोयल ने कहा कि माता मनसा देवी के दरबार में जो भी सच्चे मन से प्रार्थना करता है, उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि यह पवित्र धाम श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां हर दिन बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

इस अवसर पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नी अंजू गोयल भी मौजूद रहीं। दोनों ने मिलकर परिवार एवं समाज की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मंदिर में दर्शन के दौरान उन्होंने अन्य श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की और सभी के सुखमय जीवन की कामना की। कुलभूषण गोयल ने कहा कि समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और सद्भावना बनाए रखना बेहद जरूरी है, तभी एक सशक्त और समृद्ध समाज का निर्माण संभव है।

## हरियाणा शीड कारपोरेशन के चेयरमैन देव कुमार शर्मा से मिले भारत हितैषी

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पंचकूला।** भाजपा नेता और नगर निगम के वार्ड नंबर 4 के निवासी भारत हितैषी ने हरियाणा शीड कारपोरेशन के चेयरमैन देव कुमार शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उनके साथ समाजसेवी अरुण बंसल भी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान भारत हितैषी ने हितैषी फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक और जनसेवा से जुड़े कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य और जरूरतमंदों की सहायता के क्षेत्र में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। बैठक के दौरान राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और उनके प्रभाव पर भी चर्चा हुई। भारत हितैषी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश में कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार आमजन की भलाई के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में पारदर्शिता और विकास की नई मिसाल कायम हो रही है।

इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक गतिविधियों, भविष्य की योजनाओं और सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर भी विचार-विमर्श किया गया। सभी ने मिलकर समाजहित में मिलजुलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## सुरों की मल्लिका आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन



**मुंबई।** सुरों की मल्लिका आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हें शनिवार रात चेस्ट इन्फेक्शन के चलते मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया था। आशा भोसले बीते 70 सालों से हिंदी सिनेमा का हिस्सा थीं। उन्होंने कई भाषाओं में रिकॉर्ड 12 हजार गाने गाए। हालांकि एक समय ऐसा भी था जब आशा को यह कहकर रिकॉर्डिंग स्टूडियो से निकाल दिया गया कि उनकी आवाज खराब है। आज दुनियाभर के कई होटलों की मालकिन आशा भोसले का बचपन गरीबी में बीता। तंगहाली का आलम ये था कि फीस नहीं होने के चलते उन्हें स्कूल से बाहर निकाल दिया गया था।

### 12,000 से ज्यादा गाने गाए

आशा भोसले ने अपने करियर में 20 से अधिक भाषाओं में 12,000 से ज्यादा गाने गाए। उनके गाने इन आंखों की मस्ती, दम मारो दम, पिया तू अब तो आजा और चुरा लिया है तुमने आज भी लोकप्रिय हैं।

आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने बताया कि जो लोग अंतिम दर्शन करना चाहते हैं, वे कल सुबह 11 बजे उनके घर आ सकते हैं। अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा।

## अरुणाचल को लेकर भारत की चीन को दो टूक, झूठे दावे सच्चाई को नहीं बदल सकते



**नई दिल्ली, 12 अप्रैल।** भारतीय स्थानों को मनगढ़ंत नाम दिए जाने पर विदेश मंत्रालय ने चीन की आलोचना की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भारत, चीन द्वारा भारत की भूमि का हिस्सा बनने वाले स्थानों को मनगढ़ंत नाम देने के किसी भी शरारती प्रयास को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। उन्होंने कहा कि चीन द्वारा झूठे दावे करने और निराधार कथाएं गढ़ने के ऐसे प्रयास इस निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदल सकते कि अरुणाचल प्रदेश सहित ये स्थान और क्षेत्र भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा थे, हैं और हमेशा रहेंगे।उन्होंने कहा कि चीन की ये कार्रवाइयां भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और सामान्य बनाने के चल रहे प्रयासों को बाधित करती हैं।

## आप नेता अनिल पंगोत्रा ने कांग्रेस नेत्री के आरोपों को बताया निराधार



**पंचकूला।** आम आदमी पार्टी (आप) की ज्वाइनिंग कमेटी के चेयरमैन अनिल पंगोत्रा ने कांग्रेस नेत्री उपेन्दर आहलूवालिया द्वारा लगाए गए आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर नागरिक को चुनाव लड़ने का संवैधानिक अधिकार है और इस पर किसी का हस्तक्षेप उचित नहीं है। पंगोत्रा ने कहा कि वे पूर्व में चौधरी चन्द्रमोहन के राजनीतिक सचिव रह चुके हैं, लेकिन सबसे पहले वे देश के नागरिक हैं और संविधान उन्हें चुनाव लड़ने का अधिकार देता है। उन्होंने सवाल उठाया कि इस अधिकार में किसी अन्य नेता का क्या हस्तक्षेप हो सकता है। अनिल पंगोत्रा ने वर्ष 2020 में बसपा की टिकट पर चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें लगभग 2000 वोट मिले थे।

वहीं, उस समय कांग्रेस की उम्मीदवार उपेन्दर आहलूवालिया को भाजपा उम्मीदवार कुलभूषण गोयल से करीब 2000 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। अनिल पंगोत्रा ने स्पष्ट किया कि वे वर्तमान में भी आम आदमी पार्टी से मेयर पद के लिए चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें न तो पूर्व मेयर कुलभूषण गोयल, न संभावित कांग्रेस उम्मीदवार सुधा भारद्वाज या उनके पति संजीव भारद्वाज, न ही इनेलो की अध्यक्ष सीमा चौधरी और न ही जेजेपी के संभावित उम्मीदवार ओपी सिहाग ने कभी चुनाव लड़ने से रोका है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव को चुनाव की तरह लेना चाहिए, जहां जीत और हार दोनों संभावनाएं होती हैं। पंगोत्रा ने आरोप लगाया कि कुछ लोग हार के डर और लालच के कारण लोकतांत्रिक मूल्यों से ऊपर खुद को समझने लगते हैं, जो कि उचित नहीं है।

## पुलिस कांस्टेबल भर्तियों के लिए पीएमटी 15 अप्रैल से

**चंडीगढ़, 12 अप्रैल।** हरियाणा में पुलिस कांस्टेबलों के 5500 पदों पर भर्तियों के लिए 15 अप्रैल से शुरू होने जा रहे पीएमटी व पीएसटी से पहले आयोग ने अभ्यर्थियों से समस्याएं पूछी हैं। दो दिनों में अभ्यर्थियों की भर्तियों के संबंध में समस्याओं का समाधान किया जाएगा, ताकि 15 अप्रैल से पंचकूला में शुरू होने जा रहे पीएमटी में कोई विवाद न हो। गौरतलब है कि 31 जनवरी 2026 तक चली आवेदन प्रक्रिया के तहत इस भर्ती के लिए करीब 2.70 लाख युवाओं ने सफलतापूर्वक आवेदन किया है।

15 अप्रैल पीएमटी की शुरुआत के एक सप्ताह तक हर रोज करीब 1 हजार व उसके बाद 3 हजार तक अभ्यर्थी प्रतिदिन बुलाए जाएंगे। सुबह 6:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। आयोग ने हरियाणा पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए कंपनियों से टाइअप कर लिया है। युवाओं की हाइट व छाती मापने के लिए जर्मन मशीनें मंगवाई गई हैं। आयोग ने फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट के लिए करीब 25 मशीन मंगवाई हैं। बताया जा रहा है कि मशीनों में सेंसर लगे हुए हैं। अगर किसी ने ऐड़ी को उठाया तो स्क्रीन पर जीरो आ जाएगी।

## पंचकूला की मंडियों में सुचारू रूप से चल रहा है गेंहू की खरीद और उठान का कार्य

पंचकूला ऑब्जर्वर

> **अब तक 10,164 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद तथा 859 मीट्रिक टन गेंहू का हुआ उठान**

**पंचकूला, 12 अप्रैल।** जिला में रबी सीजन 2026-27 के दौरान गेंहू की आवक शुरू होने के साथ खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा जिला की मंडियों में से अब तक 10,164 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई और 859 मीट्रिक टन गेंहू का उठान किया गया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि सरकारी खरीद एजेंसियों हैफेड और हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन द्वारा रायपुररानी, बरवाला और पंचकूला स्थित अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद की जा रही है।

उन्होंने बताया कि रायपुररानी अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 739 मीट्रिक टन गेंहू और हरियाणा वेयर हाउसिंग कोरपोरेशन द्वारा 2400 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई। इसी प्रकार बरवाला अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 1637 मीट्रिक टन गेंहू और हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोशन द्वारा 5018 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई। इसके अलावा पंचकूला अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 370 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई।

उन्होने बताया कि मंडियों में खरीद के साथ साथ उठान का कार्य भी सुचारू रूप से चल रहा है। रायपुररानी अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 242 मीट्रिक टन गेंहू और हरियाणा वेयर हाउसिंग कोरपोरेशन द्वारा 117 मीट्रिक टन गेंहू का उठान किया गया। इसी प्रकार बरवाला अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 125 मीट्रिक टन गेंहू और हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोशन द्वारा 350 मीट्रिक टन गेंहू का उठान किया गया। पंचकूला अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 25 मीट्रिक टन गेंहू का उठान किया गया।

**धर्म** | **अग्रवाल भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में मोह और आध्यात्मिक जीवन के गूढ़ रहस्यों पर डाला प्रकाश**

## मोह को नष्ट नहीं, शुद्ध किया जा सकता है : साक्षी गोपाल दास

पंचकूला ऑब्जर्वर





**पंचकूला।** अग्रवाल भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल दास ने मोह और आध्यात्मिक जीवन के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मोह को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता, बल्कि उसे शुद्ध कर सही दिशा में मोड़ा जा सकता है।

उन्होंने बताया कि मोह जीव का स्वाभाविक गुण है और कोई भी प्राणी इसके बिना नहीं रह सकता। समस्या मोह में नहीं, बल्कि उसकी दिशा में होती है। जब मनुष्य का मोह भौतिक वस्तुओं–शरीर, परिवार, धन, पद और प्रतिष्ठा–की ओर होता है, तो वह दुख का कारण बनता है। वहीं, यदि यही मोह भगवान, भक्ति, सेवा, नाम जप और सत्संग की ओर लग जाए तो वही मुक्ति का मार्ग बन जाता है।

गीता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का संदेश है कि मोह को खत्म करने के बजाय उसे भगवान की ओर मोड़ देना चाहिए। जब व्यक्ति का मोह भगवान में लग जाता है, तो वही भक्ति का रूप ले लेता है और जीवन को सार्थक बना देता है।

उन्होंने आगे कहा कि संसार की वस्तुओं में आसक्ति से इच्छा उत्पन्न होती है, इच्छा से क्रोध, क्रोध से मोह और अंततः बुद्धि का नाश हो जाता है। इस पूरी श्रृंखला की शुरुआत गलत स्थान पर लगी आसक्ति से होती है। जब व्यक्ति यह समझ लेता है कि समस्या बाहर नहीं बल्कि उसके भीतर है, तभी उसके जीवन में वास्तविक परिवर्तन शुरू होता है।

प्रवचन के उपरांत हरे कृष्ण महामंत्र की मधुर धुन पर श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर झूम उठे और सामूहिक कीर्तन में भाग लिया। इसके पश्चात नंद बाबा, विमल टंडन, विकास पंचाल, सुनील कुमार, दीपक महल, वैभव, अनिल भाटिया, कमल खेड़ा, पुनीत खुराना और अमित चौहान सहित अन्य श्रद्धालुओं ने आरती कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

समिति के प्रवक्ता के.के. भसीन ने बताया कि 13 अप्रैल को कथा के समापन अवसर पर कथा व्यास साक्षी गोपाल दास को हरे कृष्ण प्रचार समिति के पदाधिकारियों–रविंद्र चौहान, प्रवीण चौहान, रजनीश चौहान, रेखा चौहान, अमित चौहान व महक चौहान–के निवास स्थान से विधिवत विदाई दी जाएगी।

### पंजाब की बेटियों ने 'शिक्षा क्रांति' में निभाई अग्रणी भूमिका

# आठवीं कक्षा के शीर्ष 20 विद्यार्थियों को स्कूल ऑफ एमिनेंस में मिलेगा सीधा एडमिशन : सीएम मान

पंचकूला ऑब्ज़र्वर

**चंडीगढ़, 12 अप्रैल।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य में चल रही 'शिक्षा क्रांति' अब ज़मीनी स्तर पर असर दिखा रही है। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की आठवीं कक्षा के नतीजों में बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप-20 में से 19 स्थान हासिल किए हैं।

चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर टॉपर्स से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मेरिट सूची के पहले 20 विद्यार्थियों को बिना किसी प्रवेश परीक्षा के 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' में सीधे दाखिला दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पहले तीन स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को 50-50 हजार रुपए का नकद इनाम देकर सम्मानित किया। सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जैतो (फरीदकोट) की तमन्ना ने 600 में से 600 अंक लेकर पहला स्थान हासिल किया। सरकारी मिडिल स्कूल, अड़कवास (संगरूर) की जसप्रीत कौर और संत मोहन दास मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कोट सुखिया (फरीदकोट) की जश्नदीप कौर ने 598-598 अंक के साथ क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि ये तीनों छात्राएं एथलीट भी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल के नतीजों में पहला स्थान ईंटों के भट्ठे पर काम करने वाले मुनीम की होनहार बेटी ने हासिल किया है, जबकि दूसरा और तीसरा स्थान क्रमशः टाइलों की दुकान के मालिक और एक सरकारी प्राइमरी स्कूल के शिक्षक की बेटियों ने प्राप्त किया है। ये नतीजे स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि आम परिवारों के बच्चे अब शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहे हैं। इन बच्चों के आत्मविश्वास, कड़ी मेहनत और समर्पण को देखकर हमें बहुत खुशी और गर्व महसूस हुआ।



### यह सभी लिए बहुत गर्व और संतोष का पल

विद्यार्थियों, शिक्षकों और माता–पिता को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह सबके लिए बहुत गर्व और संतोष का पल है। विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत के साथ–साथ उनका मार्गदर्शन करने वाले माता–पिता और शिक्षकों का योगदान भी उतना ही सराहनीय है। यह ऐतिहासिक दिन है क्योंकि राज्य भर से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी यहाँ इकट्ठे हुए हैं। शीर्ष विद्यार्थियों के सम्मान को गर्व की बात बताते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि ऐसे युवाओं का सम्मान करना राज्य सरकार का फर्ज है और विद्यार्थियों में विश्वास पैदा करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि वे कल के नेता हैं। जीवन में सफलता पाने के लिए आपको अपने मनपसंद क्षेत्रों में रोल मॉडलों को ध्यान से चुनना चाहिए। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से बातचीत के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी आकांक्षाएं साझा की और व्यक्तिगत रूप से सम्मानित होने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वे आम पृष्ठभूमि से आते हैं और कड़ी मेहनत, समर्पण तथा सरकार के सहयोग से अपने सपनों को साकार करने के लिए दृढ़ हैं।

### विनम्र बनकर कड़ी मेहनत करो

विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें नम्र बने रहने, कड़ी मेहनत करने और सही रोल मॉडल चुनने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में हुए बुनियादी ढांचे और शिक्षा गुणवत्ता के सुधार के चलते पंजाब अब राष्ट्रीय स्तर पर एक रोल मॉडल बनकर उभर रहा है। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों की सफलता में माता–पिता और शिक्षकों के योगदान को भी सराहा और इसे पूरे राज्य के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं और बेहतर माहौल देने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस अवसर पर पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. अमरपाल सिंह, स्कूल शिक्षा सचिव सोनाली गिरी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### 2.62 लाख विद्यार्थियों ने दी थी परीक्षा

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष 2.62 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि आम परिवारों के बच्चे भी शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों का आत्मविश्वास, अनुशासन और कड़ी मेहनत शिक्षा में निरंतर निवेश के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाते हैं।

# मुख्यमंत्री रोशन पंजाब योजना' के तहत पंजाब के 13,000 गांवों को सोलर एल.ई.डी लाइटों से किया जाएगा रोशन: अमन अरोड़ा

- कहा-सुरक्षा और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 550 करोड़ रुपये की पहल के तहत 3 लाख से अधिक सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी



पंचकूला ऑब्ज़र्वर

**जालंधर, 12 अप्रैल।** पंजाब के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्री अमन अरोड़ा ने रविवार को घोषणा की कि पंजाब सरकार द्वारा 550 करोड़ रुपये की लागत से पूरे राज्य के सभी गांवों को सौर ऊर्जा से चलने वाली एलईडी स्ट्रीट लाइटों से रोशन करने के लिए एक विशेष पहल 'मुख्यमंत्री रोशन पंजाब योजना' शुरू की गई है।

स्थानीय सर्किट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने इस प्रोजेक्ट को गांवों में रोशनी के लिए सबसे बड़ी पहलों में से एक बताया, जिसके तहत पूरे पंजाब में 3 लाख से अधिक सोलर एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी। श्री अरोड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में मंत्रिमंडल ने शनिवार को गांवों में विश्वसनीय और किफायती लाइटिंग सुनिश्चित करने के लिए इस प्रोग्राम को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि सोलर स्ट्रीट लाइटों को उनकी शून्य बिजली लागत, विश्वसनीयता और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए उपयुक्त होने के कारण प्राथमिकता दी जा रही है। यह प्रोजेक्ट पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी (पेडा) द्वारा लागू की जाएगी और जून से अक्टूबर 2026 के बीच चरणबद्ध तरीके से लाइटें लगाई जाएंगी। इस योजना के लिए संशोधित फंडिंग पैटर्न अपनाया जाएगा, जिसमें राज्य सरकार 70% और ग्राम पंचायतें 30% योगदान देंगी।

इस पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पिछले 70 वर्षों में गांवों में केवल 1.14 लाख स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थीं, जिनमें से कई अब खराब हो चुकी हैं। नई योजना के तहत सभी लाइटें 7 साल के वार्षिक रखरखाव अनुबंध के साथ लगाई जाएंगी, जिसके तहत खराब होने पर उन्हें 3 दिनों के भीतर ठीक करना सुनिश्चित किया जाएगा।

इस सिस्टम में प्रत्येक लाइट की जियो-टैगिंग, एक कमांड और कंट्रोल सेंटर के माध्यम से केंद्रीकृत निगरानी और शिकायत दर्ज करने के लिए आई.वी.आर हेल्पलाइन शामिल होगी। अरोड़ा ने कहा कि इस पहल से सुरक्षा बढ़ेगी, खासकर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार राज्य में ग्रीन एनर्जी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई सोलर प्रोजेक्टों पर भी काम कर रही है। इस योजना को क्रांतिकारी बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे न केवल सुरक्षा बढ़ेगी बल्कि पूरे राज्य के गांवों में आर्थिक गतिविधियां भी मजबूत होंगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पंजाब कैबिनेट अपनी बैठकों में जन-हितैषी नीतियों और पहलों को लगातार प्राथमिकता देती है, जिसमें मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना, मुफ्त बिजली, माताओं-बेटियों सम्मान योजना, पंजाब में 9000 से अधिक स्टेडियमों का निर्माण और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सोच के अनुसार रंगला पंजाब÷ बनाने के लिए कई अन्य योजनाएं शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि 'मुख्यमंत्री रोशन पंजाब योजना' के तहत ग्राम पंचायतों पर वित्तीय बोझ काफी हद तक कम किया गया है। पहले पंचायतों को स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए 70% खर्च उठाना पड़ता था, लेकिन अब राज्य सरकार 70% खर्च उठाएगी ट, जबकि पंचायतों का योगदान केवल 30% होगा।

## एक नजर

### संतों-महापुरुषों ने गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व के समागमों के लिए दिया समर्थन : दीपक बाली

**चंडीगढ़, 12 अप्रैल।** पंजाब कल्चर और टूरिज्म डिपार्टमेंट के एडवाइजर दीपक बाली ने संतों का दिल से शुक्रिया अदा किया जो माननीय मुख्यमंत्री के अनुरोध पर पंजाब भवन में हुई मीटिंग में शामिल हुए और गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को सफलतापूर्वक मनाने के लिए अपना सहियोग और मार्गदर्शन दिया। बाली ने बताया कि मीटिंग के दौरान, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने पंजाब सरकार द्वारा तैयार की गई विस्तृत योजना पेश की, जिसे सभी धार्मिक नेताओं ने खुले दिल से मान लिया। उन्होंने कहा कि संत भी इन समागमों का नेतृत्व और मार्गदर्शन करने के लिए सहमत हो गए हैं, जो मुख्यमंत्री के इस विज़न के मुताबिक है कि सभी समागम उनके आध्यात्मिक मार्गदर्शन में आयोजित किए जाने चाहिए। मुख्य प्रोग्रामों के बारे में बताते हुए, बाली ने कहा कि चार बड़ी 'शोभा यात्राओं' का आयोजन किया जाएगा।, जिनमें काशी (वाराणसी) के साथ-साथ तलवंडी साबो (बठिंडा), बनारस और जम्मू के रूट शामिल होंगे। इसके अलावा, पंजाब के हर विधानसभा क्षेत्र में गुरु रविदास जी के जीवन और शिक्षाओं को दिखाने वाले ड्रोन शो करवाएं जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि गुरु रविदास जी के जीवन पर एक खास डॉक्यूमेंट्री तैयार की गई है, जिसे 13,000 गांवों और 4,000 वार्डों में दिखाया जाएगा, ताकि घर-घर जाकर लोगों को गुरु जी की शिक्षाओं से जोड़ा जा सके।

### तलवंडी साबो में बड़ा प्रशासनिक सुधार

**तलवंडी साबो।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज पवित्र नगरी तलवंडी साबो में एक बड़े प्रशासनिक सुधार के तहत अत्याधुनिक उप-मंडलीय परिसर का उद्घाटन किया। तख्त श्री दमदमा साहिब पर मत्था टेकने के बाद मुख्यमंत्री ने इस तीन मंजिला भवन को लोगों को समर्पित किया। करीब 6 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह नया परिसर 40 साल पुरानी जर्जर इमारत की जगह बनाया गया है, जो लंबे समय से जान-माल के लिए खतरा बनी हुई थी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह नया परिसर नागरिकों को एक ही छत के नीचे सभी आवश्यक सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने बताया कि इमारत में कुल 28 कमरे बनाए गए हैं, जिनमें आसान रजिस्ट्री कार्यालय, एसडीएम और तहसीलदार अदालतें, फर्द केंद्र, खजाना कार्यालय और रिकॉर्ड रूम जैसी अहम सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, परिसर में कैंटीन और लिफ्ट की सुविधा भी दी गई है।

# गैंगस्टरों ते वार का 82वां दिन: 522 स्थानों पर छापेमारी; 225 काबू

पंचकूला ऑब्ज़र्वर

**चंडीगढ़, 12 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शुरू की गई निर्णायक 'गैंगस्टरों ते वार' मुहिम के 82वें दिन पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों के चिन्हित और मैप किए गए 522 ठिकानों पर छापेमारी की।

उल्लेखनीय है कि ÷गैंगस्टरों ते वार÷ पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए एक निर्णायक अभियान है, जिसे 20 जनवरी 2026 को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव द्वारा शुरू किया गया था। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्यभर में विशेष अभियान चला रही हैं।

82वें दिन पुलिस टीमों ने दो हथियार बरामद करने के बाद 225 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे इस अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 20,643 हो गई है। इसके अलावा 78 व्यक्तियों के खिलाफ निवारक कार्रवाई की गई, जबकि 89 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने 9 भगोड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया।

लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में जानकारी दे सकते हैं तथा अपराध और आपराधिक गतिविधियों संबंधी सूचनाएं भी साझा कर सकते हैं।

इस दौरान पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपनी मुहिम 5युद्ध नशों विरूद्ध' के 407वें दिन भी कार्रवाई जारी रखते हुए 91 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 7.2 किलोग्राम हेरोइन, 256 नशीली गोलियां/कैप्सूल तथा 2020 रुपये की ड्रग मनी बरामद की।

### पंजाब विस स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने प्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले के निधन पर दुख जताया

**चंडीगढ़, 12 अप्रैल।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर श्री कुलतार सिंह संधवां ने 'सुरों की मलिका' आशा भोंसले के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने इस दुख की घड़ी में शोक-संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। स्पीकर संधवां ने कहा कि आशा भोंसले की मधुर और विशिष्ट आवाज़ ने कई दशकों तक संगीत प्रेमियों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी है। उनके गीत हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगे और विश्व भर के लोगों को मंत्रमुग्ध करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आशा भोंसले के निधन की खबर सुनकर उन्हें गहरा दुख हुआ है और उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने प्रार्थना की कि ईश्वर इस अपूरणीय क्षति को सहने के लिए दुखी परिवार को शक्ति और साहस प्रदान करें।

### हिंदू नववर्ष संवत के मौके पर रामलीला ग्राउंड में बड़ा समारोह आयोजित

# हिंदू नववर्ष सिर्फ भारत का ही नहीं, बल्कि दुनिया का असली हिंदू नववर्ष है: मनीष सिसोदिया

पंचकूला ऑब्ज़र्वर

**पठानकोट, 12 अप्रैल।** पंजाब सरकार ने पठानकोट जिले के रामलीला ग्राउंड, पठानकोट में हिंदू नववर्ष संवत समारोह का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता सनातन हिंदू संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय शर्मा ने की। समारोह में सर्वश्री मनीष सिसोदिया, इंचार्ज पंजाब आम आदमी पार्टी, अमन अरोड़ा, कैबिनेट मंत्री पंजाब, लाल चंद कटारूचक्क कैबिनेट मंत्री पंजाब और दीपक बाली, सलाहकार टूरिज्म और कल्चरल अफेयर्स पंजाब विशेष तौर पर मौजूद थे।



समारोह शुरू होने से पहले, पंजाबी सिंगर रोशन प्रिंस ने हिंदू संस्कृति और सनातन को समर्पित भजन पेश किए। कार्यक्रम की शुरुआत में, मुख्य मेहमान और मौजूद खास मेहमानों ने स्टेज पर बैठे सनातन नेताओं को दुशाले देकर सम्मानित किया। अलग-अलग धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों और जिले के जागरूक नागरिकों ने भी इस कार्यक्रम में जोश के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, पंजाब के टूरिज्म और कल्चरल अफेयर्स के सलाहकार दीपक बाली ने कहा कि आज का दिन पंजाब के लिए न सिर्फ खुशी का दिन है, बल्कि एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी दिन भी है। आजादी के बाद पंजाब के 75 साल के इतिहास में पहली बार किसी सरकार ने सनातन संस्कृति को समर्पित राज्य स्तरीय नववर्ष संवत उत्सव मनाने की हिम्मत और दूरदर्शिता दिखाई है। उन्होंने कहा कि यह आप सरकार की सबको साथ लेकर चलने वाली, संवेदनशील और सभी धर्मों को साथ लेकर चलने वाली नीति का जीता-जागता सबूत है। उन्होंने आगे कहा, ÷मैं मुख्यमंत्री भगवंत मान, ,क्क के नेशनल कोऑर्डिनेटर अरविंद केजरीवाल, पंजाब इंचार्ज मनीष सिसोदिया और पूरी आप सरकार को सनातन संस्कृति को राज्य की पहचान दिलाने के लिए दिल से धन्यवाद देता हूं।

आम आदमी पार्टी पंजाब के इंचार्ज मनीष सिसोदिया ने अपने भाषण में कहा कि हिंदू नवरात्रि सिर्फ़ एक त्योहार नहीं है, बल्कि हमारी पुरानी संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों का प्रतीक है। सीनियर नेता ने ज़ोर देकर कहा कि 'पंजाब सरकार का पहली बार सरकारी लेवल पर यह त्योहार मनाना दिखाता है कि सरकार अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा और उसे बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह तैयार है।' सिसोदिया ने आगे कहा कि सनातन संस्कृति सिर्फ़ एक धार्मिक सोच नहीं है, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। मंत्री लाल चंद कटारूचक ने अपने भाषण में कहा कि पंजाब हमेशा से सांप्रदायिक सद्भाव और धार्मिक सहनशीलता का प्रतीक रहा है। सामाजिक एकता पर ज़ोर देते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी को एक साथ आकर एकता और प्यार का संदेश फैलाना चाहिए। लाल चंद कटारूचक ने आगे कहा कि ÷धर्म का असली मकसद इंसानियत की सेवा करना है और हमें अपने कामों से समाज में अच्छा बदलाव लाना चाहिए। अपने भाषण में मंत्री अमन अरोड़ा ने संत समाज और महापुरुषों की भूमिका पर रोशनी डालते हुए कहा कि संत समाज के महापुरुषों ने भी अपनी शिक्षाओं के ज़रिए लोगों को धार्मिक और आध्यात्मिक रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया है।

# मान सरकार सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क में क्रांतिकारी बदलाव के लिए पी.आर.टी.सी. और पनबस में 1,265 बसें करेगी शामिल : चीमा

- किलोमीटर स्कीम के तहत केवल पंजाबियों को अवसर देकर पी.आर.टी.सी. के बेड़े में 250 बसें शामिल

पंचकूला ऑब्ज़र्वर



**चंडीगढ़, 12 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा मजबूत और सुलभ सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, राज्य के वित्त एवं परिवहन मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज राज्य के परिवहन नेटवर्क के बड़े विस्तार की घोषणा की। उन्होंने बताया कि सरकार पेप्सू रोड ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन (पी.आर.टी.सी.) में 659 बसें और पनबस में 606 बसों का बड़ा बेड़ा शामिल करने जा रही है। परिवहन मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि हाल ही में किलोमीटर स्कीम के तहत 250 बसें बेड़े में शामिल की गई हैं। उन्होंने कहा, ÷राज्य के भीतर अधिकतम रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से यह पहल विशेष रूप से पंजाब के निवासियों को समर्पित थी। इस योजना के तहत बस मालिकों (निजी व्यक्तियों) को अपने वाहनों को अपनी पसंद के अनुसार तैयार कराने की अनुमति दी गई, बशर्ते वे सरकारी मानकों और सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें।'

पी.आर.टी.सी. के लिए 659 बसों के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु विभाग केवल किलोमीटर स्कीम तक सीमित नहीं है। मंत्री ने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन ढांचे के व्यापक आधुनिकीकरण के तहत पी.आर.टी.सी. वर्तमान में 100 मिनी बसों और 309 अन्य मानक बसों की खरीद के लिए सक्रिय टेंडर प्रक्रिया में है। पनबस के लिए निर्धारित 606 बसों का विवरण देते हुए मंत्री ने कहा कि एक सुनियोजित खरीद योजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा, '387 बसों को सीधे पनबस के सामान्य बेड़े में शामिल किया जाएगा, ताकि विभिन्न रूटों पर बढ़ती मांग को तुरंत पूरा किया जा सके। शेष बसें किलोमीटर स्कीम के तहत जोड़ी जाएंगी, जिससे संचालन दक्षता और रूट कवरेज में और सुधार होगा।'

उन्होंने आगे बताया, 'इस चरण में 19 पनबस वोल्वो बसें और 100 एचवीएसी बसें शामिल की जाएंगी, जिससे यात्रियों को अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। इसके अलावा किलोमीटर स्कीम के तहत 100 सामान्य बसों के शामिल होने से कुल नई पनबस बसों की संख्या 606 हो जाएगी।'

### यह ऐतिहासिक विस्तार पूरे पंजाब में कनेक्टिविटी को काफी मजबूत करेगा

वित्त एवं परिवहन मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पी.आर.टी.सी. और पनबस दोनों के बेड़े में यह ऐतिहासिक विस्तार पूरे पंजाब में कनेक्टिविटी को काफी मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि नई बसों के शामिल होने से यात्रियों को अधिक आरामदायक, भरोसेमंद और सुलभ यात्रा सुविधा मिलेगी, साथ ही उद्यमिता के अवसर बढ़ेंगे और राज्य के राजस्व में भी वृद्धि होगी।

# कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने दुखी परिवारों के साथ साझा किया शोक

पंचकूला ऑब्ज़र्वर

**चंडीगढ़, 12 अप्रैल।** कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू के साथ आज लुधियाना में घटित दुखद वृंदावन नाव हादसे के पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। संजीव अरोड़ा ने हादसे में जान गंवाने वाले राकेश गुलाटी और उनकी पत्नी अंजू गुलाटी के घर तथा मीनू बंसल और उनकी बेटी डिंकी बंसल के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस कठिन समय में उन्होंने दुखी परिवारों के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति प्रकट की। मंत्री ने परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर उनका दुख साझा किया। उन्होंने कहा कि कोई भी शब्द अपने प्रियजनों को खोने के दर्द को कम नहीं कर सकता और वे केवल एक मंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक इंसान के तौर पर उनके साथ खड़े होने आए हैं। उन्होंने इस दुखद घटना के पीछे रही लापरवाही की कड़ी निंदा की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने कहा कि यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि लापरवाही का परिणाम है और नाव के संचालन से जुड़े लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने उच्चस्तरीय और समयबद्ध जांच की मांग करते हुए कहा कि जिम्मेदार लोगों को कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना होगा और वे अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकेंगे।



संजीव अरोड़ा ने आगे कहा कि पंजाब सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार के साथ समन्वय कर पीड़ित परिवारों को जल्द न्याय दिलाने के लिए प्रयास करेगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। उन्होंने परिवारों को सरकार और अपनी ओर से हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया और कहा कि वे किसी भी समय उनसे संपर्क कर सकते हैं।

इस मौके पर मौजूद विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू ने भी मंत्री के विचारों का समर्थन किया और स्थानीय स्तर पर हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि रविवार को मीनू बंसल की बेटी डिंकी बंसल का शव भी यमुना रीवर से बरामद किया गया था। उनके पार्थिव शरीर के देर रात तक पहुंचने की संभावना जताई गई है।

## एक नजर

### महात्मा फुले ने सबसे पहले महिला शिक्षा की अलख जगाई थी : मेयर रेनू गुप्ता

**करनाल.** मेयर रेनू वाला गुप्ता ने कहा है कि करनाल में हांसी चौक पर महात्मा ज्योति वा फुले की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस चौक को करनाल में सयबसे सुंदर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि करनाल नगर निगम शहर को सुंदर बना रही हैं। चौकों का नाम महापुरुषों के नाम पर रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले ने सबसे पहले महिला शिक्षाा की अलख जगाई थी। वह आज करनाल में महात्मा फुले की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थीं। कार्यक्रमू का आयोजन राष्ट्रीय सैनी सभा, राष्ट्रीय पिछडा बर्ग अनुसचित जाति जन जाति तथा अल्पसंख्यक महासंघ ने किया। इस अवसर पर महात्मा फुले की प्रतिमा स्थापित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेनी सभा के राष्ट्रीय महासचिव रमेश सैनी ने की। कार्यक्रम में भाजपा के जिला ध्यक्ष प्रवीण लाठर, सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्धी विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने ज्योति बा फु ले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में प्रवीण लाठर ने कहा कि भाजपा सभी महापुरुषों का सम्मान कर रही हैं। उनकी याद में राज्य स्तरीय कार्यक्रम करती है। सीनियर डिपट मेयर राजेश अग्धी ने कहा कि महात्मा फुले के बताए रास्ते पर चलना चाहिए। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय भाषण में रमेश सैनी ने कहा कि महात्मा फुले सबसे बड़े समाज सुधारक थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सैनरी पंचायत के प्रदेश कार्यकारी प्रधान रणधीर सैनी अमर सिंह पातलाखुर्शीद आलम, जोतिंगर सैनी, डा. ध्रुव मालेकर, शम सैनी, पूर्व प्रधान अमित सैनी, विनोद सैनी, ललित अरोड़ा, रमेश पटवारी, उमेश परोचा, रविंदर सैनी, जयभगवान कश्यप सुरजीत सैनी, मत्युजंय सैनी ,राजेंद्र सैनी, संतोष सैनी, राजेंद्र भंडारी ने विचार व्यक्त किए।

### नरवाना कॉलेज की तीन छात्राओं का कबड्डी में शानदार प्रदर्शन

**नरवाना.** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना की प्राचार्या डॉ. अंजना लोहान ने जानकारी देते हुए बताया कि हिसार स्थित गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के महाराणा प्रताप स्टेडियम में आयोजित अखिल भारतीय सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता के महिला वर्ग में चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय जींद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा को 26-19 के अंतर से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस विजेता टीम में सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना की तीन छात्राओं ने भी भाग लिया, जिनका प्रदर्शन बेहद सराहनीय रहा। प्राचार्या डॉ. अंजना लोहान ने कहा कि सर्कल कबड्डी केवल एक खेल नहीं बल्कि हमारी मिट्टी की सुगंध है। यह जीवन का आईना है, जहां खिलाड़ियों को हर पल चुनौतियों का सामना करते हुए निर्णय लेने पड़ते हैं। उन्होंने इसे टीम वर्क का सर्वोत्तम उदाहरण बताते हुए छात्राओं को इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि पर संस्था के प्रधान सुरेश सिंघल, उपप्रधान राजकुमार गोयल तथा महासचिव जियालाल गोयल ने छात्राओं एवं खेल प्रवक्ता मनीषा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गुरु गोरखनाथ प्रकट उत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक, सीएम से समय लेने का निर्णय

**बराड़ा.** अखिल भारतीय योगी जोगी नाथ उपाध्याय समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष संतोष कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में समाज के विभिन्न पदाधिकारियों ने भाग लेते हुए आगामी 1 मई को मनाए जाने वाले गुरु गोरखनाथ प्रकट उत्सव को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी अध्यक्ष साहब सिंह पट्टी कल्याणा तथा राष्ट्रीय सचिव विद्यासागर तंदवाल उपस्थित रहे। इसके अलावा सलाहकार प्रेम होली, हाई पावर कमेटी के अध्यक्ष उमेश सिंह शास्त्री, हरियाणा प्रभारी विक्रम सिंह अमृतपुर, महासचिव हरियाणा भोलाराम, जिला अध्यक्ष पानीपत रोहतास कुमार, मदन लाल, शिव कुमार सरपंच, युवा अध्यक्ष वेदपाल लंडा, कर्मवीर दीनारपुर, डॉ. राजकुमार नारायणगढ़, बीरभान सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गुरु गोरखनाथ प्रकट उत्सव को इस बार भव्य स्तर पर मनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर कार्यक्रम के लिए समय लेने का भी निर्णय लिया गया कहां कि जल्द ही प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उत्सव की तिथि व कार्यक्रम को अंतिम रूप देगा। उन्होंने कहा कि समाज के सभी सदस्य मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने के लिए कार्य करेंगे।

### परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में होगा भव्य परशुराम संध्या का आयोजन

**अम्बाला.** भगवान परशुराम सेवा समिति रजि. 1069, अंबाला कैंट की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को भगवान परशुराम मंदिर, नंगल करधान में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रधान अतुल शर्मा ने की। बैठक में प्रधान अतुल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा 19 अप्रैल 2026 को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भगवान परशुराम मंदिर, नंगल करधान, अंबाला कैंट में भव्य परशुराम संध्या का आयोजन किया जाएगा। संध्या के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन रहेगा। इस अवसर पर प्रवीण शर्मा धनाना पार्टी द्वारा भगवान परशुराम जी का भव्य गुणगान प्रस्तुत किया जाएगा। समिति के महासचिव सुरेंद्र राजू शर्मा ने बताया कि 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर प्रत्येक हिंदू परिवार को अपने घरों में 11 दीपक प्रज्वलित करने चाहिए, जिससे समाज में धार्मिक आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो। समिति के सचिव राजेश गोल्डी शर्मा ने बताया कि इस परशुराम संध्या के लिए समाज की सभी सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं को सादर निमंत्रण दिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस पुण्य अवसर का लाभ उठा सकें। बैठक में प्रधान अतुल शर्मा, महासचिव सुरेंद्र राजू शर्मा, सचिव राजेश गोल्डी शर्मा, उप प्रधान रविंद्र बिल्ला शर्मा, खजांची शशिकांत पाराशर, हवन इंचार्ज सतीश शर्मा, कार्यकारी सदस्य यादवेंद्र शर्मा, डॉ. राकेश भारद्वाज, सुरेश कौशिक, मंदिर के पंडित शंभू नाथ शर्मा सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से 19 अप्रैल को होने वाली परशुराम संध्या में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

### हथियार से वार करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**हांसी.** शहर में मामूली विवाद के बाद हुए हमले के मामले में किला बाजार चौकी पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। जांच अधिकारी स.उप.नि. मुनीष कुमार के अनुसार घायल शिवचरण ने शिकायत दी थी कि वह होटल में खाना खाने गया था, जहां उसकी टक्की नामक युवक से कहासुनी हो गई। कुछ देर बाद आरोपित अपने साथियों के साथ वापस आया और तेजधार हथियारों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने 16 मार्च 2026 को मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। इससे पहले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब पुलिस ने काला पत्थर निवासी करण को भी काबू कर लिया है। पूछताछ के बाद आरोपित को अदालत में पेश किया गया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने पंचकूला में कार्यालय के बाहर चलाया सफाई अभियान

# 'डा. अंबेडकर का जीवन और विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत'

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला.** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने रविवार को पंचकूला में भाजपा कार्यालय के बाहर सफाई अभियान चलाया। उन्होंने स्वच्छता अभियान के तहत स्वयं साफ-सफाई कर कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा डा. अंबेडकर जयंती सप्ताह के अवसर पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। श्री ब?ौली ने डा. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा डा. अंबेडकर की जयंती को पूरे प्रदेश में मनाएगी। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को पंचकूला में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम होगा जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। श्री बड़ौली ने कहा कि बाबा साहेब की जयंती का यह कार्यक्रम बड़ा ही भव्य होगा। भाजपा हरियाणा परिवार राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत तैयार है। बड़ौली ने कहा कि इससे पहले 13 अप्रैल को प्रदेश भर में भाजपा के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर बाबा साहेब की प्रतिमाओं के आसपास सामूहिक रूप से सफाई करेंगे। सायं के समय दीपोत्सव का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर का जीवन और उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक समतामूलक और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है।

श्री बड़ौली ने कहा कि डा. अंबेडकर के विचार विकसित भारत के निर्माण के लिए आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में गोष्ठियां, विभिन्न सामाजिक और बाबा साहेब के विचारों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में समता, न्याय और शिक्षा के महत्व को उजागर करना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे डा. अंबेडकर जयंती के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं।

### बड़ौली ने आशा भोंसले के निधन पर दुख जताया

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने स्वर कोकिला आशा भोंसले के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पद्म विभूषण और दादा साहेब फाल्के अवार्ड से सम्मानित स्वर कोकिला आशा भोंसले जी के निधन का समाचार संगीत जगत और उनके असंख्य प्रशंसकों के लिए अत्यंत दु:खद और हृदय विदारक है। श्री बड़ौली ने कहा कि आशा भोंसले जी की मधुर आवाज, अद्वितीय शैली और बहुमुखी प्रतिभा ने हर पीढ़ी के दिलों को छुआ है। भारतीय संगीत में उनका अमूल्य योगदान सदैव स्मरणीय और प्रेरणादायी रहेगा। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति दें।

## समाज और क्षेत्र के युवाओं को नौकरी और शिक्षा में कोटा देने की मांग विधानसभा में उठाई जाएगी

पंचकूला ऑब्जर्वर

**करनाल.** कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद सिंह ने कहा है कि कुटैल अंजनथनी, फतुपुर, मुंदड़ी खेड़ी राम नगर में रोड विरादरी द्वारा दी गई जमीन पर बनाए गए संस्थानों में समाज और क्षेत्र के युवाओं को नौकरी और शिक्षा में कोटा देने की मांग विधानसभा में उठाई जाएगी। इसके साथ ही कुटैल में बनाए जा रहे मैडीकल यूनीवर्सिटी का नाम पंडित दीनदयाल उपाघ्याय से बदल कर गुरु स्वामी ब्रह्मानंद के नाम पर रखने की मांग भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार रोड़ समाज के लोगों की जमीन लेकर भी उनके साथ धोखा कर रही हैं। इसो स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस रोड़ विरादरी के साथ न्याय करेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में हो सकता है कि इस समाज के साथ अन्याय हुआ हो लेकिन अब पूरी तरह से न्याय किया जाएगा। वह आज करनाल में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव राजेंद्र कल्याण के निवास पर पहुंचे। यहां पर उन्होंने रोढ़ विरादरी की पंचायत को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश भर से आए सैकड़ों लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व विधायक शमशेरसिंह गोगी , ब्रिगेडियर रणधीर सिंह, पूर्व निदेशक सूवे सिंह, रिटायर्ड पुलिस अफसर सतबीर सिंह पाला राम मंजूरा, बलवीर सिंह ,एडवोकेट रामपाल, जोगिंदर हथलाना, राम कुमार कल्याण, ईश्वर सिंह संदीप कल्याण बलवीर कल्याण, कर्म सिंह सरपंच शाहपुर,सतपाल, प्रदेश प्रवक्ता , बलवीर सिंह एडवोकेट उपस्थित थे। प्रारंभ में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, और पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी, सुल्तान सिंह का पगड़ी पहना कर स्वागत किया। शुरू में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव राजेंद्र कल्याण ने अतिथियों के सामने विषय रखे तथा मांग पत्र दिया। उनकी मांगों का पूर्व विधायकों ने समर्थन किया।

## शिक्षा विभाग की टीमों ने प्राइवेट स्कूलों का औचक निरीक्षण किया

**कालांवाली.** शिक्षा विभाग द्वारा प्राइवेट स्कूलों में निर्धारित पाठ्य पुस्तकों, फीस व अन्य व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करने के लिए क्लस्टर बाईज टीम गठित की है। शुक्रवार को मिठड़ी क्लस्टर टीम ने दशमेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल चोरमार खेड़ा का निरीक्षण किया। टीम के सीआरसी बंसी प्रिंसीपल मिठड़ी, बलविंदर सिंह जाटाना प्रिंसीपल चोरमार खेड़ा व सीनियर प्रवक्ता जितेन्द्र गर्ग ने सरकार के निर्देशानुसार स्कूलों का निरीक्षण किया। उक्त टीम ने बताया कि निरीक्षण के दोरान निर्धारित पाठ्य पुस्तकों, फीस संरचना तथा संबंधित व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की जांच की गई ।उन्होंने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी राम अवतार कौशिक के आदेशानुसार विद्यार्थियों से पूछताछ की गई कि उन्होंने किताबें स्कूल से खरीदी या किसी एक निर्धारित विक्रेता से खरीदने के लिए किसी प्रकार का दबाव तो नही बनाया जा रहा है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सभी आवश्यक बिंदुओं की जांच की।

## विभाजन की विभीषिका झेलने वालों की याद में बनेगा राष्ट्रीय स्मारकः मनोहर लाल

**करनाल.** देश की आजादी के समय वर्ष 1947 के विभाजन की उस अमानवीय त्रासदी में लाखों लोगों ने अपना घर-बार खोया और अनगिनत जिंदगियां मजहबी उन्माद की भेंट चढ़ गईं। उन बलिदानों और संघर्षों को संजोने के लिए विभाजन विभीषिका स्मृति न्यास के गठन की घोषणा की गई है।



केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में विभाजन विभीषिका स्मृति न्यास का गठन किया गया है। नए न्यास के सेटलर एवं संस्थापक अध्यक्ष स्वामी धर्मदेव और ट्रस्ट के नवनियुक्त महामंत्री बोधराज सीकरी ने बताया कि मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड के चेयरमैन रमेश चंद जुनेजा को इस ट्रस्ट का आजीवन राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। नई टीम में सुमन कांत मुंजाल, सुनील सचदेवा, सुनील सतीजा, राजीव गुलाटी, मनमोहन चावला, अजय खन्ना, पीके दत्ता, राजीव मुकुल, दिनेश नागपाल, पूर्ण डाबर, सुरजीत ओबेरॉय, बलदेव राज भाटिया, सुमित नंदा, प्रवीण भाटिया, सतीश ग्रोवर, अभिषेक बंगा को शामिल किया गया है। बोधराज सीकरी ने बताया कि न्यास ऋषिकेश हरिद्वार में विशाल राष्ट्रीय स्मारक और अत्याधुनिक संग्रहालय का निर्माण करेगा। न्यास न केवल उस दौर के दर्द को याद रखेगा, बल्कि नई पीढ़ी को भारत की मिट्टी के उस सबसे गहरे घाव से रूबरू कराएगा, जो बंटवारे के समय मिले थे। इस स्मारक में भगवान राम, अरुट महाराज, माता हिंगलाज, महर्षि कश्यप, गुरु तेग बहादुर, गुरु गोविंद सिंह, शहीद भगत सिंह, शहीद मदन लाल ढींगरा कई अन्य समाज के चित्र प्रदर्शित किये जाएंगे। प्रस्तावित संग्रहालय में हॉरर गैलरी और विस्थापन गलियारा बनाया जाएगा, जहां अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से उन दृश्यों को दर्शाया जाएगा। सीकरी के अनुसार, ट्रस्ट के सदस्य बनने की सहमति सुभाष अरोड़ा, हरिंदर होरा, संजीव कुमार, ओमप्रकाश कथूरिया, दीप कालरा, चंद्रशेखर तनेजा, विकास कपूर ने दी है। प्रसिद्ध आध्यात्मिक संतों ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन आश्रम के प्रमुख आध्यात्मिक गुरु स्वामी चिदानंद सरस्वती मुनिजी, ऋषि चैतन्य आश्रम गन्नौर की संस्थापिका आनंदमूर्ति गुरु मां, रोहतक जिला के कलानौर स्थित प्रसिद्ध गद्दी टिकाणा सती भाई साईं दास जी के श्री 108 महंत राम सुखदास जी महाराज को ट्रस्ट में मुख्य संरक्षक, संरक्षण के रूप में मनोनीत किया गया है। इनके अलावा असम के पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर जगदीश मुखी, सेवानिवृत्त आईएएस सुरीना राजन कुमार, सेवानिवृत आईएएस मुकेश आहूजा, सेवानिवृत कुलपति डा. अशोक दिवाकर, सेवानिवृत कुलपति डा. मार्कण्डेय आहूजा को भी शामिल किया गया है।

## जाट प्रतिभा सम्मान समारोह में युवाओं को मिला सफलता का मंत्र

**भिवानी.** छोटी काशी और खेल नगरी के नाम से विख्यात भिवानी के इतिहास में रविवार का दिन एक और स्वर्णिम अध्याय के रूप में जुड़ गया। स्थानीय जाट धर्मशाला में आयोजित जाट प्रतिभा सम्मान समारोह में उस वक्त गर्व और उल्लास का माहौल देखते ही बना, जब प्रशासनिक सेवाओं से लेकर सेना और खेल के मैदान तक अपनी मेधा का लोहा मनवाने वाली करीब 100 विभूतियों को एक साथ सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल सुखदीप सांगवान रहे, जबकि अध्यक्षता जाट धर्मशाला के संरक्षक चौधरी चंद्र सिंह आर्य ने की। इस अवसर पर जाट धर्मशाला सभा के प्रधान चौधरी दिलबाग सिंह सांगवान भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाज की उन प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने आईएएस, एचसीएस और न्यायिक सेवाओं में अपनी जगह बनाई है। साथ ही एनडीए और सीडीएस के माध्यम से सेना में अफसर बनने वाले युवाओं, आईआईटी-आईआईएम के छात्रों और एमबीबीएस पास आउट मेधावियों को स्मृति चिह्न देकर नवाजा गया।

## शहर के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण का प्रतीक है नगर परिक्रमा : सर्राफ



**भिवानी.** स्थानीय हनुमान ढाणी स्थित सुप्रसिद्ध हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास महाराज के सानिध्य में निकाली जा रही अढाई कोसी नगर परिक्रमा ने रविवार को अपना एक वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया। इस ऐतिहासिक अवसर पर रविवार को शहर में एक विशाल नगर परिक्रमा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। परिक्रमा जब स्थानीय रोहतक गेट पर पहुंची तो वहां श्रीअग्रवाल सभा (रजि.) द्वारा भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के बीच पूरी फिजा भक्तिमय हो गई। नगर परिक्रमा के रोहतक गेट पहुंचने पर श्रीअग्रवाल सभा के प्रधान सुनील सर्राफ के नेतृत्व में सभा के पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने महंत चरणदास महाराज का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सभा की ओर से महाराज को पुष्प मालाएं पहनाई गईं और उन्हें एक स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रधान सुनील सर्राफ ने नगर परिक्रमा के महत्व और महंत चरणदास महाराज के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज भिवानी के लिए यह बड़े गौरव का दिन है कि बालयोगी महंत चरणदास महाराज द्वारा शुरू की गई अढाई कोसी नगर परिक्रमा को एक वर्ष पूरा हो गया है। यह केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि हमारे शहर के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। जिस प्रकार पिछले 365 दिनों से निरंतर श्रद्धालु इस परिक्रमा से जुड़ रहे हैं, वह महाराज जी की तपस्या और लोगों की अटूट आस्था को दर्शाता है। श्रीअग्रवाल सभा सदैव धार्मिक कार्यों में अग्रणी रही है।

## विधायक ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन में नवनिर्मित हाल कमरे का किया उदघाटन

### विधायक चंद्रप्रकाश ने ज्योतिबा फुले जयंती समारोह व बाबा साहेब अंबेडकर जन्मोत्सव में की शिरकत

**हिसार/मंडी आदमपुर.** डॉ. बी. आर. अंबेडकर वेलफेयर क्लब व शिरोमणि संत गुरु रविदास सभा द्वारा गांव असरावां में आयोजित ज्योतिबा फुले जयंती व बाबा साहेब डॉ. बी. आर. अंबेडकर जन्मोत्सव में विधायक चंद्रप्रकाश ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर आयोजक मंडल व ग्रामवासियों ने चंद्रप्रकाश का जोरदार स्वागत करते हुए फूल मालाएं पहनाकर व पुष्पगुच्छ देकर उनका सत्कार किया। इस दौरान चंद्रप्रकाश ने समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में वीएएनजीवाई व डी प्लान के अंतर्गत गांव असरावां में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन में नवनिर्मित हाल कमरे का उदघाटन भी किया। समारोह में ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि आयोजक मंडल द्वारा जो मान-सम्मान मिला है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि असरावां के अंबेडकर वेलफेयर क्लब व संत गुरु रविदास सभा ने समारोह का आयोजन करके युवा पीढ़ी तक समाज सुधारकों के संदेश को पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ज्योतिबा फुले व बाबा साहेब ने महिलाओं और दलितों की शिक्षा व समानता के लिए अविस्मरणीय कार्य किया है। उन्होंने समस्त देशवासियों को सही ढंग से जीने की नई राह दिखाई। इसलिए हम सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए जनकल्याणकारी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ज्योतिबा फुले हमेशा जाति आधारित भेदभाव के खिलाफ रहे और इस सामाजिक बुराई को दूर करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने वंचित वर्गों को सामाजिक न्याय दिलवाने के लिए आजीवन संघर्ष करके मिसाल कायम की है। इसी भांति बाबा साहेब अंबेडकर ने समाज सुधारक, अर्थशास्त्री व विधिवेत्ता के रूप में देश निर्माण में उल्लेखनीय योगदान दिया। वे सामाजिक और आर्थिक समानता के प्रबल पक्षधर रहे और जाति व्यवस्था एवं अस्पृश्यता का कड़ा विरोध किया। उनका व्यक्तित्व आज भी युवाओं के लिए प्रेरणादायी है।

विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि असरावां में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन में नए हाल कमरे का निर्माण होने से ग्रामवासियों को काफी लाभ मिलेगा। यहां विभिन्न प्रकार के रचनात्मक कार्य सहजता से किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि वे आदमपुर हलके के हर गांव व हर क्षेत्र के विकास के लिए प्रयत्नशील हैं। इसलिए उन्होंने विधासभा में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, सड?, पेयजल व सिंचाई के पानी से संबंधित मुद्दे प्रमुखता से उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इसी भांति किसानों को पर्याप्त सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए भी वे प्रयासरत हैं।

## वाल्मीकि धर्मशाला में डा. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा के अनावरण समारोह आयोजित

# देश व प्रदेश की मौजूदा सरकार ने डॉ. बीआर अंबेडकर के नाम से किया पंचतीर्थ का निर्माण : कल्याण

पंचकूला ऑब्जर्वर

**कुरुक्षेत्र.** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि देश व प्रदेश सरकार गरीब का भला करने के लिए अंत्योदय की नीति से काम कर रही है। पंक्ति में सबसे पीछे खड़े व्यक्ति को आगे लेकर जाया जा रहा है।

वर्तमान में सरकार की सभी योजनाओं का लाभ सीधे नागरिकों तक पहुंच रहा है। मेरिट के आधार पर युवाओं को नौकरी मिल रही है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की मौजूदा सरकार ने डा. बीआर अंबेडकर के नाम से पंचतीर्थ का निर्माण किया है। इन स्थानों पर जाकर देश के नागरिकों गर्व की अनुभूति हो रही है। विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वो अपने बच्चों को परिश्रम व मेहनत के लिए जागरूक करें।

विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण रविवार को वाल्मीकि धर्मशाला में आयोजित डा. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा के अनावरण समारोह में बोल रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण और कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने वाल्मीकि धर्मशाला में तैयार की गई डा. भीम राव अंबेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस प्रतिमा का निर्माण विधानसभा सचिव राजीव प्रसाद ने अपने पिता स्व. राजेंद्र प्रसाद की याद में करवाया है। स्व. राजेंद्र प्रसाद प्रदेश में वाल्मीकि समाज के पहले जज वर्ष 1980 में बने थे। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण और कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने वाल्मीकि सभा को 11-11 लाख रुपए सहयोग के तौर पर देने की घोषणा की। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण व कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी का विधानसभा सचिव राजीव प्रसाद ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि ये वाल्मीकि आश्रम नहीं, बल्कि बड़े-बड़े संतों की तपोभूमि है। उनके तपों और भविष्य की सोच के परिणाम स्वरूप ही यहां पर छात्रावास चलता आ रहा है। छात्रावास में काम पढ़कर यहां से आईएएस अधिकारी, मंत्री और अनेक नागरिकों ने सरकारी नौकरी हासिल की है। उन्होंने कहा कि किस कालखंड में क्या घटित हुआ, उसको हमें याद रखना चाहिए। इसके साथ ही बुजुर्गों द्वारा दी गई कुर्बानियों को याद भी रखना चाहिए। हमारी दृष्टि भविष्य पर रखनी चाहिए। हमें अपने बच्चों के बेहतर व उज्ज्वल भविष्य के लिए कार्य करना चाहिए। विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि हर कालखंड में हर समय अच्छाई और बुराई साथ-साथ चली है। इसी तरह सोच भी हर तरह की रही है। हमारे महापुरुषों ने समाज को सही रास्ता दिखाने का कार्य किया है। उन्हें महापुरुषों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देश को ऊंचाई पर लेकर जाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य तय किया है। ऐसा तभी संभव होगा, जब प्रत्येक नागरिक सक्षम होंगे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि कुरुक्षेत्र में वाल्मीकि धर्मशाला महाभारत कालीन आश्रम एक बहुत पुरानी संस्था है। इसका करीब 800 वर्ष पुराना रिकॉर्ड संस्था के पास मौजूद है। वर्ष 1952 से शिक्षा को बढ़ावा देते हुए होस्टल चलाया जा रहा है। समाज इस आश्रम को शिक्षा का हब बना चुका है। यहां से बड़े अधिकारी और नेता भी शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं। मौजूदा समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देश में डा. भीमराव अंबेडकर की शिक्षाओं का अनुसरण कर रहे हैं। इसके लिए देश व प्रदेश में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिया जा रहा है।

# ऐसे करें गर्मियों में हरे धनिए का सेवन

सर्दियों से लेकर गर्मियों में हरा धनिया अछी मात्रा में मिल जाता है और इसके बिना दाल-सब्जी का स्वाद भी अधूरा है। भारतीय खाने में धनिए को सजावटी तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन यह मात्र दाल या सब्जी को गार्निश करने का साधन नहीं, बल्कि गुणों का खजाना है। आयुर्वेद हरे धनिये को दोष-संतुलक, रक्त-शोधक, और पाचन-उत्तेजक मानता है। यह थायरायड में सबसे यादा उपयोगी होता है। हरे धनिए में विटामिन ए, सी, के और पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम और आयरन समेत कई मिनरल्स मिल जाते हैं। इसमें अधिक मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट भी होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। यही कारण है कि आयुर्वेद में हरे धनिए को गुणों की खान माना जाता है लेकिन आज भी भारतीय थाली में इसका इस्तेमाल गलत तरीके से होता आ रहा है। आज हम



आयुर्वेद के नजरिए से हरे धनिए के सेवन के बारे में जानेंगे। अक्सर भारतीय थाली में धनिए को गर्म सब्जी के साथ पका दिया जाता है, लेकिन यह गलत है। धनिए को कभी भी पकाकर नहीं खाना चाहिए, बल्कि इसका सेवन कचा ही करना चाहिए। पकाने से धनिए से विटामिन नष्ट हो जाते हैं और मिनरल्स की संख्या में भी कमी आती है। इसके साथ ही कोशिश करें कि धनिए को नींबू के साथ लें। ऐसा करने से शरीर में आयरन की अवशोषणता बढ़ जाती है। इसलिए दाल में कचे हरे धनिए के साथ नींबू की कुछ बूंदें जरूर डालें।

हरे धनिए के साथ काला नमक जरूर लें। इससे भोजन अछे से पचता है और मंद पड़ी पाचन अग्नि तेज होती है। पाचन अग्नि में सुधार लाने के लिए हरा धनिया और काले नमक का कॉम्बिनेशन सबसे यादा बेहतरीन है। इसके साथ ही अगर सुबह के वक्त खाली पेट हरे धनिए को पानी में उबालकर और छानकर पी लिया जाए तो यह लिवर के लिए डिटॉक्स वाटर की तरह काम करता है और लिवर के टॉक्सिन को कम करने का काम करता है।

ध्यान रखने वाली बात यह भी है कि जिन लोगों को बहुत जल्दी ठंड लग जाती है, उन्हें सीमित मात्रा में धनिए का सेवन करना चाहिए क्योंकि हरे धनिए की तासीर ठंडी होती है और इससे छींक आने की परेशानी और जुकाम हो सकता है।



# 'पद्मविभूषण' आशा भोसले के निधन पर देशभर में शोक, कई राज्यों के सीएम ने जताया दुख

पद्म विभूषण से सम्मानित और दुनिया भर में अपनी आवाज से जादू बिखेरने वाली मशहूर गायिका आशा भोसले ने रविवार को दुनिया से अलविदा कह दिया। मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में 92 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके बेटे आनंद भोसले ने इसकी पुष्टि की। आशा भोसले के निधन की जानकारी मिलते ही संगीत जगत से लेकर राजनीतिक, खेल जगत की हस्तियों ने दुख जताया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी समेत कई रायों के मुख्यमंत्रियों ने आशा भोसले के निधन पर दुख जाहिर किया। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारतीय संगीत जगत की स्वर-साम्राज्ञी, महान सुर-साधिका, पद्म विभूषण आशा भोसले जी का निधन अत्यंत दुखद एवं कला जगत की अपूरणीय क्षति है। उनकी अद्वितीय गायकी ने भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। उनके मधुर स्वर सदैव देशवासियों के मन में गूंजते रहेंगे। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति और शोकाकुल परिजनों एवं प्रशंसकों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने एक्स पर लिखा, भारतीय संगीत जगत के लिए आज का दिन अत्यंत दुखद है। स्वर साम्राज्ञी आशा भोसले जी के निधन से देश ने संगीत क्षेत्र की महान विभूति खो दी है। आशा जी ने छह से अधिक दशकों तक अपने सुरों से संगीत की दुनिया को समृद्ध किया। अपने अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें पद्म विभूषण सहित अनेक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और फिल्मफेयर पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उनका निधन संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों, प्रशंसकों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, मैं आशा दीदी से कहना



चाहता था, 卐अभी ना जाओ छोड़ कर卐, लेकिन आज उनकी आवाज खामोश है। आशा भोसले के जाने से एक ऐसा खालीपन आ गया है जिसे भरा नहीं जा सकता। उनके गाने सिर्फ़ संगीत नहीं थे, बल्कि हमारी जिंदगी में बुनी हुई यादें थीं। कुछ आवाजें कभी फीकी नहीं पड़तीं। उनकी आवाजें हमेशा जिंदा रहेंगी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, सुप्रसिद्ध गायिका पद्म विभूषण आशा भोसले जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। अपनी मधुर, विलक्षण और हृदयस्पर्शी आवाज़ से उन्होंने दशकों तक भारतीय संगीत को समृद्ध किया और करोड़ों हृदयों में अमिट स्थान बनाया। उनका यह अद्वितीय योगदान युगों-युगों तक अमर रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करता रहेगा। मां वीणापाणि सरस्वती से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों और उनके असंख्य प्रशंसकों को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा, संगीत का वह स्वर्णिम स्वर आज मौन हो गया, जिसने पीढ़ियों को जोड़ा और हर भावना को सुरों में ढाल दिया। आशा भोसले जी का निधन भारतीय संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। शा ताई की आवाज में जैसे जिंदगी मुस्कुराती थी, हर गीत में एक कहानी थी, जो समय से आगे निकल जाती थी। उनका जाना एक स्वर्णिम युग के विराम जैसा है, लेकिन उनकी साधना आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देती रहेगी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों व प्रशंसकों को इस दुख को सहने की शक्ति दें। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लिखा, सुरों की सरिता, स्वर साम्राज्ञी आशा भोसले जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद और कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। सात दशकों से अधिक समय तक अपनी जादुई और मधुर आवाज से भारतीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाने वाली आशा ताई का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

संगीत के प्रति उनका समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणापुंज बना रहेगा। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके शोकाकुल परिजनों व करोड़ों प्रशंसकों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आशा भोसले के निधन पर लिखा, महान संगीत प्रतिभा आशा भोसले के निधन से अत्यंत दुखी हूं। वह एक प्रेरणादायक और मंत्रमुग्ध कर देने वाली गायिका रही हैं, जिन्होंने पीढ़ियों तक हमारे दिलों पर राज किया। उन्होंने कई बंगाली गीत भी गाए और बंगाल में भी वह बेहद लोकप्रिय हैं। वर्ष 2018 में हमने उन्हें अपने सर्वोच नागरिक सम्मान बंग विभूषण से सम्मानित किया था। उनके परिवार, उनके साथियों और दुनिया भर में फैले उनके लाखों प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक्स पर लिखा, मशहूर गायिका आशा भोंसले जी के निधन का समाचार अत्यंत हृदय विदारक और स्तब्ध कर देने वाला है। उनकी मधुर और जीवंत आवाज ने पीढ़ियों को जोड़ने का कार्य किया और भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। आशा जी केवल एक गायिका नहीं थीं, वे संगीत की एक युगधारा थीं, जिनकी हर प्रस्तुति में जीवन के रंग, भावनाओं की गहराई और आत्मा की सचाई झलकती थी। उनका जाना केवल कला जगत की नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। आज पूरा देश उनके जाने से शोकाकुल है। उनके गीत, उनकी आवाज और उनकी विरासत सदैव हमारे दिलों में जीवित रहेगी और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। मरांग बुरु से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर, शोक संतप्त परिजनों, प्रशंसकों और समस्त देशवासियों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आशा भोसले के निधन पर लिखा, लोकप्रिय एवं प्रख्यात पार्श्वगायिका आशा भोसले जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उनका जाना भारतीय संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। आशा जी की स्वर-साधना, अद्वितीय गायन शैली एवं भारतीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाने में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उनकी आवाज़ ने कई पीढ़ियों के हृदय को स्पर्श किया है और संगीत की दुनिया में अमिट छाप छोड़ी है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक-संतप्त परिजन एवं प्रशंसकों को इस कठिन समय में यह असहनीय दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



# रश्मि देसाई का नया अवतार 'रागा'


ग्लैमर की दुनिया में कई कहानियां लाइमलाइट से शुरू होती हैं, लेकिन रश्मि देसाई की नई शुरुआत एक बेहद निजी और भावुक पल से जन्मी है। सेट पर एक फैन की सच्ची तारीफ और एक साड़ी को लेकर उसकी मासूम ख्वाहिश ने एक ऐसे सफर की नींव रखी, जो अब 'रागा' के रूप में आकार ले चुका है। यह सिर्फ एक फैशन ब्रांड नहीं, बल्कि उस जुड़ाव का विस्तार है जो एक कलाकार और उसके चाहने वालों के बीच बनता है। अभिनय की दुनिया में अपनी मजबूत पहचान बना चुकी रश्मि देसाई अब उद्यमिता की राह पर भी पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। हाल ही में एक गुजराती फिल्म की शूटिंग के दौरान हुआ एक छोटा-सा वाकया उनके लिए जीवन बदल देने वाला साबित हुआ। जब एक फैन उनकी पहनी साड़ी से इतना प्रभावित हुआ कि उसे खरीदने की जिद कर बैठा, तब रश्मि ने वह साड़ी उसे तोहफे में दे दी। यही पल 'रागा' की प्रेरणा बना—एक ऐसा ब्रांड जो रश्मि के पर्सनल स्टाइल को उनके फैंस तक पहुंचाने का माध्यम है। आज रश्मि एक्टिंग, थिएटर और अपने ब्रांड के बीच खूबसूरती से संतुलन बनाते हुए न सिर्फ अपने सपनों को जी रही हैं, बल्कि अपने फैंस को भी अपने स्टाइल का हिस्सा बनने का मौका दे रही हैं।



# काशिका कपूर के लिए टर्निंग पॉइंट बन सकती है 'स्पिरिट'

फिल्म इंडस्ट्री में कभी-कभी छोटे से इशारे भी बड़े बदलाव का संकेत बन जाते हैं, और कुछ ऐसा ही देखने को मिला जब चर्चित फिल्ममेकर वी. वी. विनायक ने उभरती अभिनेत्री काशिका कपूर की आगामी फिल्म 'स्पिरिट' का पोस्टर शूट पूरा होने के तुरंत बाद लॉन्च कर दिया। यह सिर्फ एक पोस्टर अनावरण नहीं, बल्कि एक मजबूत संकेत है कि काशिका कपूर अब इंडस्ट्री में अपनी जगह पुख्ता करने की ओर तेजी से बढ़ रही हैं। एक निजी और सादगी भरे आयोजन में हुए इस लॉन्च ने फिल्म को लेकर उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। खास बात यह रही कि शूट के तुरंत बाद पोस्टर रिलीज़ किया गया, जो यह दर्शाता है कि 'स्पिरिट' अब अपने अंतिम चरण में है और जल्द ही दर्शकों के सामने आने को तैयार है। काशिका कपूर के लिए यह प्रोजेक्ट उनके करियर का निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। उनका बढ़ता आत्मविश्वास और बेहतर स्क्रिप्ट चयन उन्हें एक नई पहचान दे रहा है। वहीं, विनायक का समर्थन इस फिल्म को अतिरिक्त विश्वसनीयता और चर्चा दिला रहा है। अब नजरें 'स्पिरिट' की रिलीज़ पर टिकी हैं, जहां उम्मीद है कि यह फिल्म काशिका को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।

# उर्वशी रौतेला ने शुरू की डबिंग



फैंस के लिए एक रोमांचक अपडेट में, उर्वशी रौतेला ने अपनी आगामी फिल्म के लिए आधिकारिक तौर पर डबिंग शुरू कर दी है, जिसमें उनके साथ बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार भी नजर आएंगे। यह प्रोजेक्ट पहले से ही अपनी स्टार-स्टडेड कास्ट के कारण काफी चर्चा में है और अब पोस्ट-प्रोडक्शन के साथ तेजी से अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है। उर्वशी, जो अपने ग्लैमरस स्क्रीन प्रेजेंस और लगातार विकसित होते अभिनय के लिए जानी जाती हैं, ने डबिंग स्टूडियो से कुछ झलकियां भी साझा की हैं, जिससे उनकी भूमिका को बेहतर बनाने के प्रति उनकी मेहनत साफ नजर आती है। प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों के अनुसार, उनका किरदार उनके अभिनय के एक नए पहलू को सामने लाएगा, जिसमें इमोशनल गहराई के साथ-साथ हाई-एनर्जी मोमेंट्स भी देखने को मिलेंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार एक अहम भूमिका में नजर आएंगे और इसे एक कमर्शियल एंटरटेनर के रूप में देखा जा रहा है।

# अनन्या पांडे बनीं लिम्का की नई आवाज़

भारत के प्रतिष्ठित लाइम 'एन' लेमनी ड्रिंक ब्रांड लिम्का ने अपने सफर में एक नया और दिलचस्प मोड़ लेते हुए अनन्या पांडे को न सिर्फ ब्रांड एंबेसेडर बल्कि अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की कमान भी सौंप दी है। यह कदम सिर्फ एक एंडोर्समेंट नहीं, बल्कि ब्रांड और ऑडियंस के बीच रिश्ते को नए तरीके से गढ़ने की कोशिश है। पिछले पांच दशकों से ताज़गी का पर्याय रहा लिम्का अब जेन जेड के साथ और गहराई से जुड़ने के लिए तैयार है और इसके लिए अनन्या से बेहतर चेहरा शायद ही कोई हो सकता था। उनकी चुलबुली पर्सनैलिटी, सोशल मीडिया पर मजबूत पकड़ और युवा दर्शकों के साथ सीधा कनेक्शन इस बदलाव को खास बनाता है। 'फील द ताज़गी' कैंपेन के जरिए अब लिम्का सिर्फ एक ड्रिंक नहीं, बल्कि एक डिजिटल एक्सपीरियंस बनने की ओर बढ़ रहा है। इंस्टाग्राम फीड से लेकर ट्रेंडिंग कंटेंट तक, अनन्या खुद तय करेंगी कि ब्रांड कैसे बोलेगा, दिखेगा और लोगों के साथ जुड़ाव बनाएगा। यह पहल इस बात का संकेत है कि आज के दौर में ब्रांड सिर्फ विज्ञापन नहीं करते—वे बातचीत करते हैं, और अब लिम्का की यह बातचीत और भी ताज़गी भरी होने वाली है।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com